पत्रांक–21/एस॰एस॰सी॰-54/2012, सा॰प्र॰ 6568 /

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

मो॰ सोहैल, भा॰प्र॰से॰,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰), बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना–15, दिनाक– 11.4.25

**विषयः–** **बिहार कर्मचारी चयन आयोग में डाटा इंट्री ऑपरेटर (पे लेवेल 4) के कुल 29 (उन्तीस) एवं कार्यालय परिचारी (पे लेवेल 1) के कुल 06 (छः) अर्थात कुल 35 (पैतीस) पदों के सृजन की स्वीकृति।**

**आदेशः–** **स्वीकृत।**

2. बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लेवल–7 एवं लेवल–7 (समय–समय पर यथा पुनरीक्षित समरूप वेतनमान) से नीचे के वेतनमान वाले पदों पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की जाती है।

3. आयोग के उक्त वृहत्तर कार्य एवं उत्तरदायित्वों को देखते हुए एवं बिहार कर्मचारी चयन आयोग से प्राप्त प्रस्ताव तथा मंत्रिपरिषद् की **दिनांक 08.04.2025 में मद संख्या–08 के रूप में** प्राप्त स्वीकृति के आलोक में बिहार कर्मचारी चयन आयोग में डाटा इंट्री ऑपरेटर (पे लेवेल 4) के 29 (उन्तीस) एवं कार्यालय परिचारी (पे लेवेल 1) के 06 (छः) अर्थात कुल 35 (पैतीस) पदों के सृजन की स्वीकृति दी जाती है।

4. उक्त पदों के सृजन पर होने वाले अनुमानित वार्षिक व्यय रु0 1,86,40,080/– (एक करोड़, छियासी लाख, चालीस हजार, अस्सी रूपये) मात्र है। उक्त सृजित पदों पर होने वाले व्यय का विकलन मुख्य शीर्ष–2051–लोक सेवा आयोग, उप मुख्य शीर्ष–00, लघुशीर्ष–103–कर्मचारी चयन आयोग, उपशीर्ष–0001–बिहार कर्मचारी चयन आयोग, विपत्र कोड–33–2051001030001 से होगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

9/4/25

(मो॰ सोहैल)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–21/एस॰एस॰सी॰-54/2012सा॰प्र॰ 6568 /पटना, दिनांक 11.4.25

**प्रतिलिपिः**–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, पटना/वित्त विभाग, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना/सचिव, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना/अवर सचिव–सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना/अवर सचिव, प्रभारी बजट शाखा, सामान्य प्रशासन विभाग, पटना/आई॰टी॰मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।
9/4/25

Swikrityadesh208